

नवभारत
इंदौर, बुधवार, 16 जुलाई, 2025
11

## एक नजर में

### युवा संगम में 8 कंपनियों द्वारा 102 युवाओं को रोजगार हेतु ऑफर लेटर प्रदान किया

**मंदसौर।** जिला रोजगार अधिकारी मुकेश मौर्य द्वारा बताया गया कि जिला रोजगार कार्यालय मंदसौर द्वारा युवा संगम शासकीय आईटीआई निपानिया मेघराज नयाखेडा बायपास मंदसौर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का



शुभारंभ आईटीआई में वृक्षारोपण के साथ किया गया। युवा संगम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दुर्गा विजय पाटीदार, नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर, एलडीएम संजय मोदी एवं जिला रोजगार अधिकारी, बैंकर्स, युवा मौजूद थे। युवा संगम में उपस्थित 8 कंपनियों द्वारा कुल 250 रिक्त पदों पर भर्ती हेतु आवेदन लिए गए। 198 युवाओं ने रोजगार हेतु आवेदन किया। पंजीकृत आवेदकों में से कंपनीयों द्वारा 102 युवाओं को ऑफर लेटर प्रदान किया गया। अप्रेंटिशिप हेतु उपस्थित 1 कंपनी द्वारा कुल 27 प्रशिक्षुओ का चयन किया गया। साथ ही अन्य शासकीय विभाग की स्वरोजगार योजनान्तर्गत ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा स्वरोजगार हेतु 18 लाख का कैश क्रेडिट लिमिट चेक लाभार्थी को वितरित किये गए एवं जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र द्वारा युवा उद्यम क्रांति योजनांतर्गत कुल 5 लाख का ऋण वितरण किया गया।

### अफजलपुर : रिहायशी मकान से 249 बल्क लीटर अवैध शराब बरामद, एक गिरफ्तार

**मंदसौर।** कलेक्टर श्रीमती अदिति गर्ग के निर्देश पर तथा जिला आबकारी अधिकारी श्री बद्रीलाल दांगी के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग द्वारा बड़ी कार्रवाई करते हुए अफजलपुर में एक रिहायशी मकान से भारी मात्रा में अवैध



मदिरा जब्त की गई है। जानकारी के अनुसार, आबकारी उप निरीक्षक कर्मेन्द्र सावले (वृत्त मंदसौर) के नेतृत्व में अफजलपुर क्षेत्र में स्थित एक रिहायशी मकान की विधिवत तलाशी ली गई। इस दौरान 23 पेटियों में रखी हुई देशी मदिरा, विदेशी मदिरा एवं बीयर की कुल 249 बल्क लीटर मात्रा बरामद की गई। जब्त की गई मदिरा एवं वाहन का कुल अनुमानित बाजार मूल्य 87,000 रुपये आँका गया है। कार्रवाई के दौरान आरोपी नैनसिंह पिता ओंकारसिंह गुर्जर, निवासी ग्राम गुदीयाना, को गिरफ्तार कर मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उक्त शराब जितेन्द्र उर्फ जीतू बना निवासी अफजलपुर से लाया गया था। इस कार्रवाई में आरक्षक केशव मेड़तवाल, अंकित निनामा एवं सिद्धार्थ गुप्ता की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### बिजली का खंभा ऊपर से टूटा हुआ हादसे को निमंत्रण

**नाहरगढ।** बिजली विभाग की मेंटनेंस के नाम पर केवल खानापूर्ति दिखाई दे रही है। मंदसौर जिले की सुवासरा विधान सभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत कचनारा से दो किलोमीटर कयामपुर की ओर चलने पर मैन रोड क्रासिंग का बिजली का खम्बा ऊपर से टुटा हुआ कुछ माह से हादसे को निमंत्रण दे रहा है। बिजली विभाग का आज तक समस्या पर ध्यान नही गया है। जनप्रतिनिधिगण व जननेताओ के साथ प्रशासन को समय रहते ध्यान देने की जरूरत है।

## भांडवपुर तीर्थ में 500 आराधकों की चातुर्मासी साधना



अब यहां 70 कमरों की आधुनिक धर्मशाला, भोजनशाला और पर्यावरणीय उद्यान की सुविधाएं उपलब्ध हैं। आचार्य जयरत्न सूरि मसा ने तीर्थ को शिक्षा से जोड़ने का संकल्प लिया है। उनके निर्देशन में राजेन्द्रसूरी जैन महाविद्यालय का कार्य प्रगति पर है। श्रद्धालु यदि नाकोड़ा तीर्थ से बालोतरा होते हुए लौट रहे हैं, तो अमृतसर-जामनगर एक्सप्रेस वे पर चढ़कर भुंडवा गांव के पास से सवा घंटे में भांडवपूर पहुंच सकते हैं। यह चातुर्मासी आयोजन तीर्थ की पवित्रता को बढ़ा रहा है। साथ ही श्रद्धालुओं के लिए अध्यात्म और संस्कारों की प्रेरणा भी बन रहा है।

नवभारत न्यूज

**पिपलियामण्डी।** भांडवपूर तीर्थ में इन दिनों चातुर्मासी आराधना का विशेष आध्यात्मिक वातावरण बना हुआ है। देशभर से आए 500 से अधिक आराधक आचार्य जयरत्न सूरि मसा की निश्रा में चातुर्मास कर रहे हैं। सभी आराधक सुबह 5 बजे से रात 8 बजे तक धार्मिक साधना में लीन रहते हैं। यह तीर्थ जैनाचार्य जयंत सूरी मसा के समाधि स्थल के रूप में प्रसिद्ध है। यहां भगवान महावीर की 2300 वर्ष पुरानी प्रतिमा और नवनिर्मित जिनालय की अद्भुत शिल्पकला श्रद्धालुओं को आकर्षित कर रही है।

बही पार्श्वनाथ तीर्थ अध्यक्ष अशोक कुमठ ने बताया कि विक्रम संवत 813 में विशाला नगरी में भगवान महावीर की भव्य प्रतिष्ठा हुई थी। विदेशी आक्रमण के समय नगर और जिनालय खंडहर हो गए, लेकिन भगवान की प्रतिमा सुरक्षित रही। बाद में कोमता ग्राम के श्रीसंघ ने प्रतिमा को बैलगाड़ी में विराजित कर ले जाना चाहा। यात्रा के दौरान प्रतिमा जिस स्थान पर रुक गई, वहीं भांडवपूर तीर्थ की स्थापना हुई। यह स्थान भांडुप वन में स्थित है। विक्रम संवत 1223 में यहां प्रतिष्ठा सम्पन्न हुई। तभी से यह तीर्थ %मारवाड़ का कल्पवृक्ष% कहलाने लगा। 850 वर्षों के बाद तीर्थ का जीर्णोद्धार कार्य जैनाचार्य राजेंद्र सूरी, यतीन्द्र सूरी, जयंतविजय और शांतिविजय मसा के मार्गदर्शन में हुआ। दो बार हुए जीर्णोद्धार के बाद वर्ष 2024 में तीर्थ ने नई भव्यता प्राप्त की।

### सीधे प्रवेश के लिए अतिरिक्त सीएलसी प्रक्रिया शुरू

**पिपलियामण्डी।** राज्य शासन के उच्च शिक्षा विभाग ने कॉलेजों में खाली सीटों पर सीधे प्रवेश के लिए अतिरिक्त सीएलसी चरण शुरू कर दिया है। पिपलियामंडी महाविद्यालय में यह प्रक्रिया 16 जुलाई से शुरू हो चुकी है। कॉलेज प्राचार्य डॉ. आर.के. श्रीवास्तव ने बताया कि कला, वाणिज्य और विज्ञान संकायों में सीटें खाली हैं। इच्छुक विद्यार्थी हर दिन दोपहर 3 बजे तक ऑनलाइन पोर्टल पर पंजीयन कर विकल्प चुन सकते हैं। इसके बाद दस्तावेज़ों का सत्यापन होगा। शाम 5 बजे से अगले 24 घंटे तक फीस जमा करने की सुविधा रहेगी। तय समय में फीस जमा नहीं करने पर अगले दिन फिर से विकल्प चुनना होगा। यह प्रक्रिया 31 जुलाई 2025 तक चलेगी। प्राचार्य श्रीवास्तव ने 12वीं पास उन विद्यार्थियों से अपील की है, जो अब तक प्रवेश नहीं ले सके हैं, कि वे जल्द कॉलेज आकर इस अवसर का लाभ उठाएं।





### स्कूल में पौधारोपण कर दिया पर्यावरण का संदेश

**पिपलियामण्डी। श्री शक्ति लॉयन क्लब पिपलियामंडी ने शासकीय माध्यमिक विद्यालय जेतपुरा में पौधारोपण किया।** कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण रहा। क्लब अध्यक्ष अलका जैन, सचिव मधु जैन, कोषाध्यक्ष सुमन गर्ग, संरक्षक नीलिमा अग्रवाल मौजूद रहीं। कार्यकारिणी सदस्य ममता शर्मा, प्रियंका फरक्या, ज्योति जैन, अंगूरबाला पाटीदार, नेहा जैन, प्रियंका जैन सहित अन्य सदस्य भी शामिल हुए। सदस्यों ने विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए। सभी ने संकल्प लिया कि पौधों की देखरेख भी करेंगे। कार्यक्रम में स्लोगन पेड़ लगाओ, खुशियां पाओ - हरियाली लाओ, धरती बचाओ के जरिए जागरूकता फैलाई गई। क्लब की यह पहल पर्यावरण बचाने की दिशा में सराहनीय मानी गई।

## जिले में अब तक 243 .9 मि .मी . औसत वर्षा दर्ज

**मंदसौर।** जिले में इस वर्ष अब तक औसतन 243.9 मि.मी. वर्षा दर्ज की गयी है। मंदसौर जिले में 8.3 मिमी वास्तविक वर्षा दर्ज की गई है। पिछले 24 घन्टों में मंदसौर में 2.0 मि.मी., सीतामऊ में 0 मि.मी., सुवासरा में 3.0 मि.मी., गरोठ में 17.2 मि.मी., भानपुरा में 34.2 मि.मी., मल्हारगढ़ मे 0 मि.मी., धुधंड़का में 0 मि.मी., शामगढ़ में 12.6 मि.मी., संजीत में 0 मि.मी., कयामपुर में 5.0 मि.मी. एवं भावगढ़ में 18.0 मि.मी वास्तविक वर्षा दर्ज की गई है। विगत 1 जून से अब तक वर्षा मापक केन्द्र मंदसौर में 352.0 मि.मी., सीतामऊ में 175.4 मि.मी..



### कलेक्टर, एडीएम एवं सीईओ ने जनसुनवाई के दौरान अलग-अलग 89 मामलों में सुनवाई की

नवभारत न्यूज

**मंदसौर। जिला स्तरीय जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर अदिती गर्ग, अपर कलेक्टर एकता जायसवाल, सीईओ जिला पंचायत अनुकूल जैन द्वारा सुशासन भवन सभाकक्ष में 89 आवेदकों की समस्याएं सुनी।** अधिकारियों को जल्दी निराकरण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही मंदसौर जिले के अमलावद निवासी आवेदक राजेश एवं दिनेश ने खेत का रास्ता खुलवाने के संबंध में आवेदन दिया। जिस पर तहसीलदार मंदसौर को निर्देश रास्ता खुलवाने की कार्यवाही करें। मंदसौर जिले के किशोरपुरा की रामकन्याबाई ने खेत पर कब्जे के संबंध में आवेदन दिया। जिस पर तहसीलदार सुवासरा को निर्देश दिए कि जांच कर कार्यवाही करें। मंदसौर जिले के सनावदा निवासी आवेदक गोविंदसिंह ने भूमि सिमांकन संबंध में आवेदन दिया। जिस पर तहसीलदार मल्हारगढ़ को निर्देश दिए कि जांच कर कार्रवाई करें। मंदसौर जिले के भैसोदामंडी निवासी आवेदक दिनेश कुमार ने निजी भुमी पर खनन के संबंध में आवेदन दिया। जिस पर जिला खनिज अधिकारी को निर्देश दिए कि जांच कर कार्यवाही करें। इसके साथ ही जनसुनवाई के दौरान मकान हेतु प्लॉट आवंटन, बीमा राशी का भुगतान, पीएम किसान सम्मान निधी, पेंशन प्रकरण, पीएम आवास योजना में घर बनवाने इत्यादि तरह-तरह के आवेदन आये।

**एक नजर** | जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति तथा मिशन शक्ति की बैठक संपन्न

## बच्चों को लीगल तरीके से फ्री करने में संस्थाएं सहयोग करें : कलेक्टर

**मंदसौर। कलेक्टर अदिती गर्ग की अध्यक्षता में जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति तथा मिशन शक्ति की बैठक कलेक्टर सभागार में आयोजित की गई। यह बैठक महिला एवं बाल विकास विभाग के माध्यम से आयोजित की गई।** बैठक के दौरान कलेक्टर ने निर्देश देते हुए कहा कि बालक बालिकाओं के आश्रय ग्रहों से बच्चों को लीगल तरीके से फ्री करने में संस्थाएं पूर्ण सपोर्ट करें। कानूनी प्रक्रिया में संस्था के द्वारा बाधा उत्पन्न करने पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। बैठक के



दौरान सीईओ जिला पंचायत अनुकूल जैन, महिला एवं बाल विकास अधिकारी बिश्नोई, बालिका गृह, आश्रय ग्रह के कर्मचारी मौजूद थे।

किशोर न्याय बोर्ड से जारी वारंट और नोटिस की शत प्रतिशत तामिली की जाए

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि किशोर न्याय बोर्ड से जारी होने वाले सभी वारंट एवं नोटिस की तामिली शत प्रतिशत करने के प्रयास करें। बाल कल्याण समिति को निर्देश देते हुए कहा कि समय-समय पर सभी संस्थाओं, आश्रय ग्रहों का निरीक्षण करें। आश्रय गृह में निवासरत बच्चों की शिक्षा की व्यवस्था करें। मानसिक रूप से विक्षिप्त बच्चों का विशेष ध्यान रखें। संस्थानों में काउंसलर एवं डॉक्टर की विजिट समय पर हो, इसके लिए काउंसलर और डॉक्टर की ड्यूटी का रोस्टर जारी करें।

आश्रय ग्रह में निवासरत बच्चों के आधार, समग्र, जाति प्रमाण पत्र, मूल निवासी प्रमाण पत्र इत्यादि प्रमाण पत्र बनाने के लिए राजस्व विभाग के माध्यम से शिविर आयोजित किया जाए तथा सभी समस्याओं का एक ही दिन में समाधान करें। थानों में नियुक्त बाल कल्याण अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान करें।

# नीमच

## एक नजर में

### पति का पत्नी पर दूध में कीटनाशक दवाई मिलाकर देने का आरोप

**जावद।** जावद थानाक्षेत्र में एक सनसनीखेज़ मामला सामने आया हैं। जिसमे एक पत्नी पर अपने पति को जान से मारने की नीयत से दूध में चूहे मारने की दवा कीटनाशक को मिलाकर देने का गंभीर आरोप लगा। जानकारी के मुताबिक जावद के रामपुरा दरवाजा स्थित पुराना थाने के पीछे निवासी शाहरुख पिता युसूफ खान उम्र 30 साल जो रोज की तरह अपने काम पर राजस्थान के निंबाहेड़ा जाने के लिए तैयारी कर रहा था। शाहरुख ने आरोप लगाया की उन्होंने मंगलवार की सुबह के समय अपनी पत्नी नाजिया के द्वारा दिया गया गिलास जिसमे दूध था। जिसको जैसे ही पिने से पहले उसमे कुछ पदार्थ होना दिखाई दिया। वही बाद इसके शाहरुख को परिजन तत्काल युवक को जिला अस्पताल नीमच लेकर पहुंचे जहां उनका इलाज जारी है। फिलहाल इस मामले में पुलिस की जांच जारी है।

### विद्युत सप्लाई बंद रहेगी

**नीमच** आज दिनाकं 16/07/2025 बुधवार को 132 द्व1 नीमच से 33 द्व1 सावन फीडर पर सुबह 10-00 बजे से दोपहर 02-00 बजे तक विधुत सुधार कार्य होने के कारण विद्युत सप्लाई बंद रहेगा। गिरदौड़ा ग्रिड से निकलने वाले घरेलू फीडर व सभी सिंचाई फीडर 4 घंटे के लिए बंद रहेंगे। समय आवश्यकतानुसार घटाया एवं बढ़ाया जा सकता है !

### शासकीय जमीनों के संरक्षण का अभियान



**नीमच।** कलेक्टर हिमांशु चंद्रा के मार्गदर्शन में जिले में शासकीय जमीनों के संरक्षण एवं अवैध कब्जा हटाकर शासकीय जमीनों को कब्जा मुक्त करवाने के लिए राजस्व विभाग द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत तहसीलदार रतनगढ़ श्री बीएल डाबी द्वारा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व जावद श्री प्रीति संघवी के निर्देशानुसार मंगलवार को करवाई कर ग्राम चडोल की शासकीय भूमि सर्वे कं. 151 रकबा 25 .290 हैक्टर मे से लगभग 0 .33 हैक्टर भूमि को अतिक्रमण से मुक्त करवाया गया है तहसीलदार रतनगढ़ ने बताया कि पहाड़ मद की इस शासकीय जमीन परअनावेदक जगदीश पिता कुका व सुन्दरलाल पिता शोराम निवासी चडोल द्वारा बाड़ा बनाकर अवैध कब्जा कर अतिक्रमण किया गया था ।उक्त अवैध कब्जे को प्रभारी तहसीलदार द्वारा गठित राजस्व टीम व ग्राम पंचायत लुहारिया जाट के सहयोग से मौके पर भूमि अतिक्रमण मुक्त कराई गई (जिसकी अनुमानित कीमत 10 लाख रूपये) है।

### आज नीमच सिटी फीडर का विद्युत प्रदाय बाधित रहेगा

**नीमच।** सहायक यंत्री (शहर) द्वारा बताया गया कि दिनांक 16 .07 .2025 (बुधवार) को 33 के. व्ही. सावन फीडर सेफ्टि परपस हेतु 11 केवी लाईन मेंटेनेंस का कार्य होने के कारण 11 केव्ही नीमच सिटी फीडर का विद्युत प्रदाय प्रात: 10-00 बजे से दोप: 02-00 बजे तक बंद रहेगा। 11 केव्ही नीमच सिटी फीडर बंद रहने से नीमच सिटी, यादवमंड़ी, पिपली चौक, मौची बाजार, खेड़ी मोहल्ला, कॉलेज रोड़, मालखेड़ा रोड़ कृषि क्षेत्र, पुराना इंदिरा नगर, स्पेंटा पेट्राल पंप मनासा रोड़, डाक बंगला, बगीचा नं. 13 का कुछ एरिया, स्कीम नं. 10 आदी क्षेत्र प्रभावित होगें। आवश्यकतानुसार समय घटाया एवं बढ़ाया जा सकता है।

## नशे से दूरी है जरूरी अभियान, नीमच में जागरूकता रैली का आयोजन

- कलेक्टर-एसपी ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना, शहर के मुख्य मार्गो से गुजरते हुए दिया ये संदेश



**नीमच। पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा आम नागरिकों में नशें के दुष्परिणामों के प्रति जागरूकता लाने हेतु प्रदेशव्यापी 15 दिवसीय विशेष अभियान (15.07.25 से 30.07.25 तक) ''नशे से दूरी है जरूरी'' प्रदेश के समस्त जिलों में चलाया जा रहा है।**

नीमच में एसपी अंकित जायसवाल द्वारा जिलें के सभी पुलिस अधिकारियों एवं संबंधित विभागों की बैठक ली जाकर अभियान के दौरान आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रमों के संबंधी में जानकारी दी जाकर प्रतिदिन कार्यक्रमों का आयोजन कर रिपोर्ट जिला मुख्यालय पर भेजने हेतु दिशा निर्देश दिये गये। जिला नीमच में दिनांक 15.07.25 को पुलिस कन्ट्रोल रूम नीमच पर नशे से दूरी है जरूरी'' नशे के दुष्परिणामों के प्रति जन-जागरूकता अभियान का शुभारंभ कलेक्टर हिमांशु चन्द्रा एवं एसपी अभिषेक अंकित जायसवाल द्वारा किया गया। इस अवसर पर उप पुलिस अधीक्षक अजाक यशस्वी शिन्दें, नगर पुलिस अधीक्षक सुश्री किरण चौहान, रक्षित निरीक्षक विक्रम सिंह भदौरिया, जिला मुख्यालय के पुलिस थानों के थाना प्रभारी सहित जिले के अन्य अधिकारी/कर्मचारी समेत ग्राम/नगर सुरक्षा समिति सदस्य, एनसीसी केडेट्स एवं प्रिंट तथा इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार उपस्थित रहें। कलेक्टर हिमांशु चन्द्रा एवं एसपी अंकित जायसवाल द्वारा अभियान में उपस्थित अधिकारियों/कर्मचारियों, ग्राम/नगर सुरक्षा समिति सदस्यों, एनसीसी केडेट्स, स्कुली छात्रों, प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकारों को नशें के दुष्परिणामों से अवगत कराते नशें से दूर रहने हेतु शपथ दिलवाई गई। तत्पश्चात आम नागरिकों में नशें के दुष्परिणामों के प्रति जागरूकता लाने हेतु शहर में एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। उक्त रैली को कलेक्टर हिमांशु चन्द्रा एवं एसपी अंकित जायसवाल द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

### कीटनाशक लेने गए युवक की हादसे में मौत, बाइक से वापस आ रहा

**नीमच। जिले में एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है। रतनगढ़ थाना क्षेत्र के दूधतलाई गांव के पास सोमवार देर शाम एक टेम्पो ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार 38 वर्षीय दीपक की मौत हो गई।** दीपक पिता मांगीलाल भील बेसदा, कंजार्डा चौकी क्षेत्र का रहने वाला था। वह मोरवन से अपने खेत के लिए कीटनाशक खरीदकर घर लौट रहा था। दूधतलाई के पास बालाजी कुरकुरे के टेम्पो ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद दीपक सड़क पर गिर गया। घायल दीपक को जिला अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मंगलवार दोपहर में पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया.

**स्थापना दिवस** | कलेक्टर ने समय-सीमा पत्रों के निराकरण की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

## समग्र ईकेवायसी कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता से पूर्ण करें : कलेक्टर

नवभारत न्यूज

**नीमच। जिले के सभी नगरीय निकाय, जनपद पंचायतें और ग्राम पंचायते समग्र ईकेवायसी के शतप्रतिशत कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता से पूर्ण करें। नीमच, जावद एवं मनासा जनपद क्षेत्र में एक सप्ताह में पांच-पांच हजार शेष ईकेवायसी करवाएं।** यह निर्देश कलेक्टर हिमांशु चंद्रा ने मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में समय सीमा पत्रों के निराकरण की साप्ताहिक समीक्षा बैठक में समग्र, ईकेवायसी की प्रगति की निकायवार समीक्षा करते हुए





दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ अमन वैष्णव, तीनों एसडीएम, डिप्टी कलेक्टर्स, जनपद सीईओ, सभी सीएमओ और जिला अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर ने सभी विभागों को निर्देश दिए, कि गांधी सागर समूह जल प्रदाय योजना के तहत प्रत्येक शासकीय संस्था के भवन में नल कनेक्शन जल निगम द्वारा उपलब्ध करवाए जा रहे है। सभी जनपद सीईओ, महिला बाल विकास, शिक्षा विभाग, डीपीसी अपने विभाग के भवनों में ग्रामवार, भवनवार, नल कनेक्शन की जानकारी का पत्रक तैयार कर, जिला पंचायत सीईओ को प्रस्तुत करें। यदि किसी ग्रामीण शासकीय भवन में नल कनेक्शन नहीं हुआ है, तो महाप्रबंधक जल निगम से संपर्क कर नल कनेक्शन करवा लें।बैठक में कलेक्टर ने सम्पूर्ण टीकाकरण कार्यक्रम, गर्भवती महिलाओं के पंजीयन, टीकाकरण की भी समीक्षा की और स्वास्थ्य विभाग को सम्पूर्ण टीकाकरण का शतप्रतिशत लक्ष्य पूर्ण करवाने के निर्देश दिए। उन्होने कृषि एवं सहकारिता विभाग को गांवों में शिविर आयोजित कर अऋणी किसानों का प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत पंजीयन करवाने के निर्देश भी दिए।



### नशामुक्ति जनजागरूकता अभियान में सभी विभाग सक्रीय सहयोग करें : कलेक्टर

- नशामुक्ति अभियान नशे से दूरी है जरूरी के तहत प्रतिदिन जागरूकता गतिविधियों का होगा आयोजन - एस.पी.श्री जायसवाल

**नीमच। प्रदेश शासन द्वारा 15 जुलाई से जिले में नशामुक्ति अभियान नशे से दूरी है जरूरी प्रारंभ किया गया है। इस अभियान के तहत व्यापक जनजागरूकता के लिए सभी विभागों के अधिकारी, कर्मचारी अपनी सक्रीय सहभागिता निभाएं।**

यह बात कलेक्टर हिमांशु चंद्रा ने मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में नशामुक्ति अभियान के शुभारंभ अवसर पर आयोजित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारियों की जागरूकता कार्यशाला को संबोधित करते हुए कही।

इस मौके पर एस.पी.श्री अंकित जायसवाल, जिला पंचायत सीईओ अमन वैष्णव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवलसिह सिसोदिया, सभी एसडीएम एवं जिला अधिकारी उपस्थित थे।



### थाना परिसर में नशा मुक्ति शिविर का आयोजन, विधायक मारू ने दिलाया नशामुक्ति का संकल्प

**मनासा।** मनासा थाना परिसर में जिला पुलिस प्रशासन द्वारा नशा मुक्ति शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें मनासा विधायक श्री अनिरूद्ध माधव जी मारू ने मुख्य अतिथि के रूप में सहभागिता की। शिविर में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य, परिवार और समाज तीनों के लिए घातक है। यह एक ऐसा धीमा जहर है जो जीवन को अंदर ही अंदर नष्ट कर देता है।

विधायक श्री मारू ने युवाओं से आह्वान किया कि वे स्वयं नशे से दूर रहें और समाज में भी इसके विरुद्ध जागरूकता फैलाएं। उन्होंने कहा कि स्वस्थ और सकारात्मक जीवन के लिए नशे से दूरी अत्यंत आवश्यक है। हमें मिलकर एक नशामुक्त समाज का निर्माण करना होगा।

इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, पत्रकार बंधु, बच्चे एवं सभी विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सभी ने सामूहिक रूप से नशामुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया।